हरिभूमि
# रत्न भूमि
रायपुर, मंगलवार 31 मार्च 2026

तापमान

अधिकतम 36.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री



11 बिजली कटौती से सूख रही रबी की फसल बाली निकलने के ...



12 कोसरिया यादव समाज मेहनकश समाज : अमितेश



## खबर संक्षेप



### राजिम में सात दिव्यांग जोड़ों का सामूहिक विवाह

**राजिम।** संकल्प सेवा संस्थान उज्वल दिव्यांग कल्याण संघ द्वारा आयोजित सात जोड़ों का सामूहिक विवाह समारोह हुआ। जिसमें आयोजन छत्तीसगढ़ हेंडीकेप वेलफेयर सोसायटी द्वारा संचालित संकल्प सेवा संस्थान उज्वल दिव्यांग कल्याण संघ अध्यक्ष योगेश ठाकुर जिला अध्यक्ष जागेश्वर साहू, सुनीता साहू, चंचला यादव ,सारिका साहू, कृष्ण साहू, कल्पना गोस्वामी, एचडी महंत भुनेश्वर साहेब, मनोज साहू दिव्यांग पहुंचे। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच सात फेरे लेकर अपने नए वैवाहिक जीवन की शुरूआत की। संस्था के पदाधिकारियो ने कहा कि यह सामुहिक विवाह केवल जोड़ों के लिए नहीं बल्कि पूरे समाज के लिए प्रेरणादायक पहल है। लोकेश कांवड़िया संत विजैद साहिब, सुजन चंद पार्क, पंकज वर्मा, कम दीक्षित संजय पाठक नंदनी-ओमकार साहू, रेखा-कुलेश्वर साहू पार्षद, इंद्रजीत महाड़िक जिला पंचायत सदस्य, तारणी, सुमन, मनीषा, रेणुका, हिमांशु ,कान्हा, सतीश, योगिता, रुपाल शर्मा, पूजा, बलदाऊ, तेजराम ने सभी जोड़ों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि ऐसे ही प्रति वर्ष बच्चों को आगे बढ़ाने की शक्ति दे। ताकि अपने जीवन में खुद अपने दम पर जीवन यापन करें।

### महिला रेंजर ज्योति ध्रुव ने पदभार संभाला

**मैनपुर।** वन विभाग का काम काफी चुनौतीपूर्ण माना जाता है दुर्गम क्षेत्रो में अवैध कटाई, उत्खनन और वन संपदा को बचाने में तमाम मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। आज के परिवेश में महिलाएं हर क्षेत्र में आगे है ऐसे में गरियाबंद जिले के उदंती अभ्यारण्य में पहली बार महिला वन परिक्षेत्र अधिकारी की नियुक्ति की गई है। साथ ही वन विभाग द्वारा कई वन रक्षक और अन्य पदो में भी महिलाओं को प्राथमिकता देते हुए नियुक्ति किया गया है। निश्चित रूप से इनके कार्यकुशलता का लाभ आने वाले दिनों में देखने को मिलेगा साथ ही इससे क्षेत्र व प्रदेश की अन्य युवतियो और महिलाओ को भी प्रेरणा मिलेगी। आज देश के कई राज्यो मे जंगल की गस्त बाघो की निगरानी के साथ टाइगर सेल की कमान संभालने से लेकर जंगल की गस्त तक विभिन्न जिम्मेदारियो को कुशलता के साथ महिलाएं निभा रही है। वन परिक्षेत्र उत्तर उदंती अभ्यारण्य मे सुश्री ज्योति ध्रुव ने 23 मार्च को वन परिक्षेत्र अधिकारी के रूप मे पदभार ग्रहण किया है। आज हरिभूमि से चर्चा करते हुए नवपदस्थ रेंजर ज्योति ध्रुव ने बताया कि शेष पेज 11 पर



# सहसपुर संग्रहण केंद्र में करोड़ों का धान हो रहा बर्बाद, उठाव न होने से बढ़ी मुसीबत

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कोपरा

क्षेत्र के धान संग्रहण केंद्र सहसपुर मे इन दिनों चूहें, नेवले व दीमक का आतंक सर चढ़ कर बोल रहा है जहां किसानो के धान कों खरीदी कर केंद्र मे संग्रहित कर रखे धान कों बिल खोद कर बोरे कों काट कर भारी नुकशान पहुंचा रहे है। नेवले बोरे कों काट रहे है धान बोरी से बाहर फड़ पर गिर रहे है, धान के बोरे मे दिमक लग रहा है, सरकार ने किसानो का धान तो ख़रीदा किन्तु संग्रहण केंद्रों से उठाव नहीं करवा रहे है और लाखो करोड़ों का भारी नुकशान हो रहा है, कर्मचारी चूहों और नेवले कों भगाने मे लगे है। बोरो में दीमक चढ़ने से धान खराब हो रहा हैं व चूहों ने फड़ पर रखे धान बोरो कों तेजी से फाड़ रहे हैं। कर्मचारी धान को उठाकर नए बोरो में डाल तो रहे हैं किन्तु एक रात में पुनः जस का तस कर दे रहे है। जब पूरे मामले की जानकारी केंद्र के व्यस्थापक अमर दास डहरिया से संपर्क किया तो उनका कहना है की संग्रहण केंद्र में चूहा लगातार धान को खा रहे हैं और बोरी को फाड़ रहे हैं साथ ही नेवले और दिमक भारी नुकसान पहुंचा रहे हैं, रोजाना मजदूरों द्वारा फड़ में रखे धान की बोरी पर लगे दिमक को साफ करवा रहे हैं और हम भी इंतजार में बैठे हैं कि धान का उठाव कब होगा जितनी जल्दी धान का उठाव होगा तो सरकार को क्षति नहीं होगी, कर्मचारी और मजदूर चूहा नेवला और दीमक को भगा रहे है।

■ जल्दी धान का उठाव होगा तो सरकार को क्षति नहीं होगी

**बोरो में दीमक चढ़ने से धान हो रहा है खराब**





**समस्या : साहेबिनकछार, नागेश, कोदोमाली के ग्रामीण विकास के लिए ओडिशा पर हैं आश्रित**

# छत्तीसगढ़ के सरहदी गांव में आज भी लालटेन युग, सड़क और स्वास्थ्य सुविधा के लिए तरस रहे

हरिभूमि न्यूज ▸▸ मैनपुर

प्रदेश के अंतिम छोर मे बसा ग्राम साहेबिनकछार, नागेश, कोदोमाली के ग्रामीण आज राज्य निर्माण के 26 वर्षों बाद भी बुनियादी समस्या सड़क, स्वास्थ्य, बिजली, शिक्षा, पेयजल के लिए तरस रहे हैं। मैनपुर विकासखण्ड के अंतिम छोर में बसा ग्राम साहेबिनकछार, नागेश, कोदोमाली जो बिहड़ जंगल और पहाड़ी रास्तों को पारकर पहुंचा जाता है इस गांव की जनसंख्या लगभग 4000 के आसपास बताई जाती है और छत्तीसगढ़ के इस गांव से सटे ओड़िशा प्रदेश का पहला गांव आचला बसा हुआ है। आपको यह जानकार बड़ा आश्चर्य होगा कि दोनो राज्य के बीच कोई भी चेकपोस्ट नहीं है और तो और कोई जानकारी बोर्ड सूचना पटल भी नहीं लगा है जिससे राहगीरों को यह जानकारी हो कि उस पार के गांव ओड़िशा के है हालंकि इस क्षेत्र के ग्रामीण राहगीरों को इतना जरूर बताते हैं कि जैसे ही चकाचक डामरीकरण पक्की सड़क मिलेगी समझ जाना यही से ओड़िशा प्रारंभ होता है। बताने का मकसद यह है कि छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण के 26 वर्षों बाद भी हमारे सरप्लस बिजली वाले राज्य के गांव के लोग बिजली नहीं पहुंचने के कारण जहां एक ओर लालटेन युग में जीवन यापन कर रहे है। वहीं हमारे प्रदेश के अंतिम ग्राम के लोग ओड़िशा के ग्रामों में चकाचक बिजली की रौशनी देखते हैं अब छत्तीसगढ़ के साथ ओड़िशा में भी भाजपा की सरकार बन जाने से छत्तीसगढ़ राज्य के कोदोमाली व आसपास के ग्रामों के ग्रामीणों में उम्मीद है कि क्षेत्र के सांसद विधायक शेष पेज 11 पर





**जर्जर स्कूल और बदहाल स्वास्थ्य सेवाएं**



शासन द्वारा ग्राम कोदोमाली में प्राथमिक व मिडिल स्कूल संचालित किया जा रहा है, लेकिन स्कूल भवन एकदम जर्जर हो गई है, जिसके कारण मिडिल स्कूल और प्राथमिक स्कूल एक साथ संचालित किया जा रहा है,प्राथमिक शाला में दर्ज संख्या 64 एंव मिडिल स्कूल में 34 है दो कमरों के भीतर बच्चों को पढ़ाई करने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड रहा है। ग्राम कोदोमाली एवं साहेबिनकछार क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधा की हालत बेहद खराब है। यहां बारिश के दिनों में अचानक बीमार पड़ने या कोई घटना दुर्घटना की स्थिति में ग्रामीणों को भारी तकलीफो का सामना करना पड़ता है। दर्जन भर नदी नाला को मिलो पैदल पार कर उन्हे नेशनल हाईवे तक लाना पडता है, तब कही जाकर वाहन की सुविधा मिल पाती है कई बार तो समय पर ईलाज नही मिलने से स्वास्थ्य सुविधा नही मिल पाने से ग्रामीणों को अकाल मृत्यू का सामना भी करना पडता है। इस क्षेत्र के लोग इलाज के लिए ओड़िशा पर निर्भर रहते है।



# आशीर्वाद समारोह के मंच से तीन लाख की नकदी और जेवर पार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ छुईहा-बेलर

फिंगेश्वर थाना क्षेत्र के ग्राम सेंदर में एक विवाह आशीर्वाद समारोह के दौरान चोरी की बड़ी वारदात सामने आई है। प्रतिष्ठित ग्रामीण व भाजपा नेता रामाधार साहू के पुत्र नोश साहू के विवाह कार्यक्रम में मुख्य मंच से उपहारों और नगदी से भरा थैला रहस्यमय ढंग से गायब हो गया। इस घटना के बाद पूरे क्षेत्र और समारोह स्थल पर हड़कंप मच गया है। जानकारी के अनुसार, 28 मार्च की रात आशीर्वाद समारोह चल रहा था। मेहमानों द्वारा भेंट किए गए नगद राशि के लिफाफे और सोने-चांदी के आभूषण एक थैले में भरकर मंच पर सुरक्षित रखे गए थे। रात करीब 12:14 बजे एक संदिग्ध व्यक्ति मंच पर चढ़ा और महज 4 मिनट के भीतर (12:18 बजे) करीब 3 लाख रुपये नगद और जेवरात से भरा थैला लेकर चंपत हो गया। पुलिस की प्राथमिक जांच में कार्यक्रम की फोटोग्राफी, वीडियो और ड्रोन फुटेज खंगाले गए हैं। फुटेज में एक संदिग्ध व्यक्ति रात 12:16 बजे थैले के पास मंडराता दिख रहा है। हुलिए के आधार पर अंदेशा जताया जा रहा है कि संदिग्ध शेष पेज 11 पर

■ ड्रोन और वीडियो फुटेज में कैद संदिग्ध



**कर्मचारियों से पूछताछ और कॉल डिटेल की जांच जारी**


थाना प्रभारी गौतम गावड़े के नेतृत्व में पुलिस टीम बारीकी से तफ्तीश कर रही है। कार्यक्रम में कार्यरत टेंट, लाइट-साउंड और केटरिंग कर्मचारियों से गहन पूछताछ की जा रही है। पुलिस संदिग्धों के मोबाइल कॉल डिटेल भी खंगाल रही है। पुलिस का दावा है कि पुख्ता सबूतों के आधार पर जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# बकली में विधायक ने दी लाखों के कार्यों की सौगात

हरिभूमि न्यूज ▸▸ राजिम



बकली में राज्यस्तरीय त्रिदिवसीय श्रीरामचरित मानस एवं संगीतमय सम्मेलन में पहुंचे विधायक रोहित साहू का गाजे-बाजे के साथ भव्य स्वागत हुआ। विधायक श्री साहू ने पूजा अर्चना कर विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। जिसमें सामुदायिक भवन कार्य सतनामी समाज 6.50 लाख, टीन शेड निर्माण कार्य 8 लाख, समुदाय के लिए एसएचजी संघ भवन निर्माण 6 लाख, सीसी रोड निर्माण भाटापारा 5.87 लाख, पेवर ब्लॉक 4 लाख के विकास कार्य शामिल रहा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक रोहित साहू के अलावा प्रमुख अतिथि जिला भाजपा महामंत्री चंद्रशेखर साहू, नंदनी-कोमल ढीढी सभापति जिला पंचायत, नंदनी-ओमकार साहू सभापति जिला पंचायत, जनपद उपाध्यक्ष सतीश यादव, सरपंच संघ के अध्यक्ष हरीश साहू, धर्मेन्द्र ध्रुव, सरपंच बिंदा-हीराधर साहू, जनपद सदस्य पूजा-मुकेश भारती रहे। विधायक श्री साहू ने सर्व समाज के लिए 15 लाख रूपए का सामुदायिक भवन की घोषणा करते हुए भगवान श्रीराम के चरित्र एवं संगीतमय मानस कार्यक्रम की अनिवार्यता को बताया कि प्रत्येक गांव में इस प्रकार से कार्यक्रम प्रति वर्ष होना चाहिए जिससे लोगों के मन में सनातन संस्कृति के प्रति भाव बना रहे। साथ ही सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ सभी वर्ग के व्यक्तियों को मिल रहा है। बताया कि सरकार के सवा दो साल के कार्यकाल में विकास की नई ऊंचाईयो को छु रहे है। कार्यक्रम में दिनेश साहू, इंद्रमन तारक, शेखर साहू, रामजी साहू, उमेश साहू, कमलेश साहू, मोती साहू, संजय साहू, हेमंत साहू, आजूराम, बहुर साहू, कामता साहू, भारत साहू, जुगराम साहू, चेतन साहू, संतोष यादव, डॉ. चंद्रिका साहू, अंजोर साहू, विजय भारती, प्रीतम बंजारे, श्यामाचरण साहू, रामदयाल यादव, केशो ध्रुव मन्नू ध्रुव सहित आयोजक समिति के युवाओं एवं महिलाएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।




**राष्ट्रीय हिंदू वाहिनी संगठन का भव्य अधिवेशन आज**

# महासमुंद में आज होगा संतों का समागम

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फिंगेश्वर



31 मार्च 2026 को राष्ट्रीय हिंदू वाहिनी संगठन के राष्ट्रीय अधिवेशन महासमुंद जिला मुख्यालय शंकराचार्य भवन में 31 मार्च को होगा।दिन भर संत समागम एवं देश भर के साधु संतों का आशीर्वचन उनके सानिध्य मे प्राप्त होगा।इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए राष्ट्रीय हिंदू वाहिनी संगठन छत्तीसगढ़ प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष रोशन दुबे, कृष्ण कुमार चंद्राकर,देवी चंद्र राठी,मोहिनी शर्मा सक्रीय रूप से महासमुंद की धरा पर सफल बनाने के लिए हुए लगे हुए हैं। इसी के तहत हमारे गरियाबंद मे जिला भर दौरा करने के लिए कार्यक्रम जिलाअध्यक्ष दशरथ सिंन्हा, उपाध्यक्ष अरुण कुमार सिंन्हा, जिला महामंत्री रामलाल कुलदीप, जिला प्रभारी मिंजून साहू, पांचों विकासखंड का दौरा कर शामिल होने की अपील की है और जिला से भी 300 राष्ट्रीय हिंदू वाहिनी संगठन के पांचों विकास खंड के लोग 31 मार्च को महासमुंद राष्ट्रीय अधिवेशन में शामिल होंगे और देशभर से साधु संत शंकराचार्यओ का आशीर्वचन प्राप्त करेंगे। पूरे जिला को भगवा मय बनाने के लिए 31 मार्च को पूरे गरियाबंद जिला से राष्ट्रीय हिंदू वाहिनी संगठन के कार्यकर्ता महासमुंद में शामिल होंगे। पूरे जिला का दौरा करते हुए देवभोग विकासखंड से गुरु नारायण तिवारी एवं गोवर्धन मांझी, मैनपुर विकासखंड योगेश शर्मा, गरियाबंद विकासखंड छुरा विकासखंड से रामलाल कुलदीप, महामंत्री राष्ट्रीय हिंदू वाहिनी संगठन फिंगेश्वर विकासखंड से अरुण सिन्हा,ललित गुरु सुखी राम दीवान, मुकेश ध्रुव सक्रीय रूप से लगे हुए हैं इसके साथ ही बिंदा नवागढ़ के पूर्व संसदीय सचिव गोवर्धन मांझीपूर्व विधायक डमरू धर पुजारी, राजिम विधानसभा क्षेत्र के विधायक रोहित साहू,वरिष्ठ समाज सेवी डॉ चंद्रशेखर हरित,वरिष्ठ नेता भागवत हरित,रामू राम साहू,अशोक साहू,दीपक श्रीवास,मनीष हरित,भाजपा मंडल अध्यक्ष मंजूलता हरित फिंगेश्वर, भाजपा मंडल अध्यक्ष रिकेश साहू राजिम को इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए नेवता दिया गया है और अधिक से अधिक लोगो को शामिल होने के लिए जिला प्रभारी मिजून साहू ने 31 मार्च को महासमुंद में शामिल होकर पुनीत धर्म कार्य में शामिल होने और देशभर से आए संत समाज शंकराचार्यो का दर्शन लाभ लेने की अपील की है।

## खबर संक्षेप



### सेवानिवृत्ति पर व्याख्याता को दी गई विदाई

**अरंड (पिथौरा)।** विकासखंड पिथौरा के शासकीय हाईस्कूल अरंड में हिंदी व्याख्याता देउक राम ध्रुव को अधिवार्षिकी पूर्ण करने पर ससम्मान विदाई दी गई। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य एनपी तिवारी, पूर्व प्राचार्य एसएस मिश्रा व सोनसाय पटेल, संकुल समन्वयक रोहिणी देवांगन एवं विद्यालय स्टाफ पीके कर व्याख्याता, लोकेश्वरी साहू, टीकम पटेल, नाथूराम साहू एवं गेंदराम में विश्वकर्मा उपस्थित थे। सभी ने सेवानिवृत्त व्याख्याता देउक राम ध्रुव की दीर्घकालिक सेवा व उनके सादगी जीवन की मुक्त कंठ से प्रशंसा करते हुए स्वस्थ व दीर्घायु जीवन की कामना किए।



### भाजपाइयों ने सुनी प्रधानमंत्री के मन की बात

**महासमुंद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात के 132वां ऐपिसोड का प्रसारण स्थानीय सर्किट हाऊस में देखा गया। इस इस दौरान राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी एवं भारत सरकार के गृह मंत्रालय के पूर्व वरिष्ठ अधिकारी हरेंद्र प्रताप सिंह नई दिल्ली, राष्ट्रीय हिन्दु वाहिनी छग प्रदेश अध्यक्ष रोशन दुबे रायपुर, नपा उपाध्यक्ष व वाहिनी के प्रदेश संगठन मंत्री देवीचंद राठी, भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष राजू चंद्राकर, पार्षद पीयूष साहू मौजूद रहे। इसके अलावा वार्ड क्रमांक 7 में सारिका यादव बूथ अध्यक्ष के यहां भी मन की बात सुनी गयी। जहां पर भाजपा शहर महामंत्री मीना वर्मा सहित वार्ड के नागरिक उपस्थित रहे।

# पीएम जनमन योजना से पीवीटीजी परिवारों को मिल रही आधारभूत सुविधाएं

## पक्की सड़कें, नल जल, विद्युत सुविधा से कमार डेरा में आई नई खुशहाली, आधार कार्ड, राशन कार्ड जैसे उनका हक भी मिल रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले में निवासरत विशेष पिछड़ी जनजाति कमार समुदाय के लोग गांव और शहरों की मुख्य बसाहटों से दूर छोटे-छोटे डेरों में रहते थे। ऐसे में पक्की सड़क, बिजली, स्वच्छ पेयजल, स्कूल और स्वास्थ्य सुविधाओं के अभाव की स्थिति में इनका जीवन पूरी तरह जंगल और मजदूरी पर निर्भर था। वनोपज संग्रह, बांस के सामान बनाना और पारंपरिक खेती ही इनके जीविकोपार्जन के साधन थे।

मुख्यधारा से दूरी के कारण इनकी बड़ी आबादी शासकीय योजनाओं के लाभ से भी वंचित थी। अधिकांश लोगों के पास आधार कार्ड, राशन कार्ड, बैंक खाता या आयुष्मान कार्ड जैसे जरूरी दस्तावेज नहीं थे। आदिम जाति अनुसंधान केंद्र के आधारभूत सर्वेक्षण 2015-16 के आधार पर महासमुंद जिले में इनका सर्वे कार्य किया गया था जिसके आधार पर वर्तमान में कुल 923 कमार परिवार में कुल जनसंख्या 3309 है, जिनमें पुरुष जनसंख्या 1614 एवं महिला जनसंख्या 1695 है। सर्वे के अनुसार महासमुंद विकासखंड में 41 ग्राम, बागबाहरा विकासखंड में 33 ग्राम एवं पिथौरा विकासखंड में 2 ग्राम कुल 76 ग्राम में कमार परिवार निवासरत है।




जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर शुरू हुई प्रधानमंत्री जनजातीय न्याय महा अभियान (पीएम-जनमन) योजना पीव्हीटीजी समुदाय के लिए उम्मीद की किरण बनकर आई। जिला प्रशासन द्वारा इस योजना को गंभीरता से लागू करते हुए सबसे पहले कमार जनजाति के हर परिवार तक पहुंचने का प्रयास किया। जिससे जिले के 26 सड़क विहीन बसाहटों में पक्की सड़कों का निर्माण किया गया है। इससे दूर-दराज के डेरों का संपर्क मुख्य गांवों और शहरों से जुड़ने लगा। नल-जल योजना के माध्यम से सभी घरों तक स्वच्छ पेयजल पहुंचाया जा रहा है। जिन घरों में कभी अंधेरा रहता था, वहां अब बिजली पहुंच चुकी है, अब बच्चे रात में भी पढ़ाई कर पा रहे हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 678 कच्चे घरों की जगह पक्के मकानों का निर्माण हुआ, जिससे इन परिवारों को सुरक्षित और सम्मानजनक जीवन मिला। बहुद्देशीय केंद्रों की स्थापना से एक ही स्थान पर आंगनवाड़ी, स्वास्थ्य सेवाएं और आजीविका से जुड़ी गतिविधियां शुरू हुईं, जिससे महिलाओं और बच्चों को विशेष लाभ मिला। मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से स्वास्थ्य सेवाएं अब सीधे इन बस्तियों तक पहुंच रही हैं, जिससे इलाज के लिए भटकना नहीं पड़ता।

### ट्रेनिंग : देश में पहली बार होगी डिजिटल जनगणना

# फील्ड में जाकर जनगणना कार्य का दिया व्यवहारिक प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जनगणना कार्य का प्रथम चरण जिले में 1 से 30 मई तक किया जाएगा। इस दौरान प्रगणकों द्वारा घर-घर जाकर मोबाइल एप के माध्यम से कुल 34 प्रश्नों की जानकारी ली जाएगी। चूंकि जनगणना कार्य डिजिटल रूप में पहली बार होने वाली है, इसलिए प्रगणकों को इसके लिए पर्याप्त प्रशिक्षण दिया जाएगा।

इसी परिप्रेक्ष्य में कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार डिप्टी कलेक्टर एवं जिला जनगणना अधिकारी मनोज कुमार खांडे की उपस्थिति में प्रगणकों को प्रशिक्षण देने वाले फील्ड ट्रेनर्स का तीन दिवसीय प्रशिक्षण जनपद पंचायत बसना में आयोजित किया गया। जिसमें सरायपाली, बसना और पिथौरा के कुल 23 फील्ड ट्रेनर्स प्रशिक्षण प्राप्त किए। प्रशिक्षण के प्रथम दिवस उद्घाटन अवसर पर एसडीएम बसना हरिशंकर पैकरा ने फील्ड ट्रेनर्स को संबोधित करते हुए कहा कि वे प्रशिक्षण को गंभीरता से लें तथा हर शंका का समाधान मास्टर ट्रेनर से पूछकर अवश्य करें।



प्रशिक्षण के अंतिम दिवस जिला मास्टर ट्रेनर तोषण गिरि गोस्वामी तथा नसीब खान द्वारा सभी फील्ड ट्रेनर्स को बसना नगर के वार्ड नंबर एक तथा ग्राम खेमड़ा ले जाकर जनगणना कार्य का व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें प्रत्येक फील्ड ट्रेनर्स द्वारा दस से पंद्रह घरों में जाकर वांछित प्रश्नों के उत्तर पूछकर मोबाइल एप द्वारा प्रविष्टि किया गया। इसमें आवास, आवास सह अन्य उपयोग, दुकान, कार्यालय, खाली मकान आदि विभिन्न इकाइयों का मकानसूचीकरण किस प्रकार की जाएगी, इसकी विस्तृत जानकारी मास्टर ट्रेनर द्वारा मौके पर व्यवहारिक रूप से दिया गया। इस दौरान तहसीलदार कृष्ण कुमार साहू, सीएमओ नगर पंचायत बसना सूरज कुमार सिदार तथा उनके कार्यालयीन स्टाफ भी सहयोग के लिए उपस्थित थे। प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले फील्ड ट्रेनर्स द्वारा अब अपने अपने नगरीय तथा ग्रामीण क्षेत्रों के लिए नियुक्त प्रगणकों तथा सुपरवाइजरों को अप्रैल महीने में प्रशिक्षण दिया जाएगा।

# कबीरपंथी समाज ने बैठक में की कई मुद्दों पर चर्चा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

रविवार को स्थानीय कबीर आश्रम रायपुर रोड में सर्व कबीरपंथी समाज की बैठक हुई। जिसमें महासमुंद, बागबाहरा, पिथौरा, बसना, महासमुंद ब्लाक एवं गरियाबंद जिले से समाज सेवी पदाधिकारीगण एवं बुद्धिजीवी संत समाज की उपस्थिति रही।

बैठक का एजेंडा वर्तमान परिवेश में समाज का बिखराव, खान-पान, रहन-सहन, बच्चों में संस्कार, शिक्षा, सामाजिक एकता एवं विस्तार, मत-मतांतर, रूढ़िवाद, आडंबर, मन वचन कर्म की शुद्धता, मानव चेतना का विकास आदि विषयों पर उपस्थित पदाधिकारीगण एवं संत समाज द्वारा सारगर्भित उद्बोधन दिया गया। जिससे समाज में परिवर्तन एवं नैतिक मूल्य का विकास हो। साथ ही यह भी कहा गया कि कबीर जयंती उत्सव में राज्य शासन द्वारा शुष्क दिवस घोषित किया जाए यह मांग करने का विचार सर्व कबीर पंथ समाज ने की। संतों की कोई जाति नहीं होती, संत वह है जो हमें अंधकार से प्रकाश की ओर ले चले अज्ञान से ज्ञान की ओर ले चले, हमें जीने की राह दिखाएं। आज समाज भगवान को मानते हैं, पर भगवान का नहीं मानते यह चिंता का विषय है। कार्यक्रम में प्रमुख सदस्य रोशन लाल साहू कबीरपंथ साहू समाज उपाध्यक्ष प्रदेश, नंद साहू, गुहान साहू, युवराज साहू, सरोज साहू, गौतम दास मानिकपुरी, कुमारी साहू, रामकुमार, नाथूराम साहू, मानिक साहू, उत्तम कुमार, ब्रिजलाल साव आदि मौजूद थे।

# दीनदयाल प्रशिक्षण महाभियान में शामिल हुए बीज निगम अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम अध्यक्ष चंद्रहास चन्द्राकर ने अपने प्रभार जिला बिलाईगढ़ सारंगढ़ में पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान में शामिल हुए। कार्यक्रम स्थल प्रांगण में पार्टी का झंडा फहराया गया तथा दीप प्रज्वलित कर प्रशिक्षण सत्र का आरंभ किया गया।



निगम अध्यक्ष ने प्रशिक्षण प्राप्त करने आये कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान का मुख्य उद्देश्य कार्यकर्ताओं में एकात्म मानववाद और अंत्योदय के विचार को जगाकर, समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाना है। यह प्रशिक्षण संगठन को मजबूत बनाने, राष्ट्रवादी विचारधारा को फैलाने और युवाओं में सेवा भाव व नई ऊर्जा का संचार करने के लिए आयोजित किया जा रहा है। आज हम यहां पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचारों को आत्मसात करने और उनके द्वारा दिखाए गए मार्ग पर चलने के लिए, पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान के तहत एकत्रित हुए हैं। दीनदयाल का जीवन राष्ट्र समर्पण का एक उत्कृष्ट उदाहरण था। उनका मूल मंत्र था- अंत्योदय अर्थात समाज के सबसे गरीब और अंतिम व्यक्ति का उत्थान। जब तक विकास की किरण उस अंतिम व्यक्ति तक नहीं पहुँचती, तब तक हमारा उद्देश्य अधूरा है। इस दौरान महासमुंद के वरिष्ठ भाजपा नेता माधवराव टांकसाले, महासमुंद युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष अमन वर्मा, द्वारका प्रसाद साहू जिला महामंत्री, रामनारायण देवांगन जिला मंत्री, युवराज शरण सिंह जिला सभापति, टीकाराम जायसवाल सहकारिता प्रकोष्ठ जिला संयोजक, संतोष कुमार साहू झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ जिला संयोजक, संजू साहू जिला महामंत्री युवा मोर्चा, प्रहलाद डडसेना जिला उपाध्यक्ष पिछड़ा वर्ग मोर्चा, हेतराम साहू महामंत्री मंडल बिलाईगढ़, उमाशंकर साहू सरपंच ग्राम पंचायत गोविंदवन, राधा राकेश मंडल अध्यक्ष बिलाईगढ़, अनूप बाई जयसवाल नगर पंचायत उपाध्यक्ष बिलाईगढ़ व स्थानीय भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्तागण भारी संख्या में उपस्थित थे।

# गांजा तस्करी का मुख्य सरगना भिलाई से गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

गरियाबंद पुलिस कप्तान के निर्देशन में अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान में फिंगेश्वर पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने गांजा तस्करी मामले की कड़ियों को जोड़ते हुए भिलाई निवासी मुख्य सरगना को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेज दिया है।



गरियाबंद जिले के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा स्पष्ट निर्देश दिए गए थे कि अवैध गांजा, हीरा और शराब के प्रकरणों में केवल मौके पर पकड़े गए आरोपी ही नहीं, बल्कि उनके सप्लायर, डिस्ट्रीब्यूटर और मुख्य सरगनाओं तक पहुंचकर कड़ी कार्रवाई की जाए। इसी तारतम्य में थाना फिंगेश्वर के अपराध क्रमांक 31/2026 (धारा 20-ख एनडीपीएस एक्ट) के तहत पुलिस ने तफ्तीश तेज की थी। उल्लेखनीय है कि इस मामले में पुलिस ने पूर्व में राकेश ठाकुर, संजय उके और परमानंद साहू को अवैध गांजा तस्करी करते हुए रंगे हाथों पकड़ा था। पूछताछ के दौरान इन आरोपियों ने खुलासा किया था कि वे जब्त गांजा भिलाई निवासी जगदीप उर्फ जगदीश राउलकर को बेचने के लिए ले जा रहे थे। मुखबिरों की सक्रियता और सटीक सूचना के आधार पर पुलिस ने आरोपी जगदीप उर्फ जगदीश राउलकर (46 वर्ष), निवासी बैकुंठधाम जेपी नगर, वार्ड 31, भिलाई को विधिवत गिरफ्तार किया। आरोपी के खिलाफ साक्ष्य जुटाने के बाद उसे माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है।

# मनुष्य योनि ही मोक्ष का साधन : युग पुरोहित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

> ■ सिर्रीकला में पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ

ग्राम सिर्रीकला में पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ एवं प्रज्ञा पुराण कथा का आयोजन पूरे ग्रामवासियों के सहयोग से किया जा रहा है। दूसरे दिन संगीत टोली के मुख्य गायक तेज राम विश्वकर्मा, देवकन्या भोजकुमारी, हीरा तबला वादक, हरिशंकर सिन्हा बैंजो वादक, नूरसिंह साहू के द्वारा बहुत ही प्यारा भजन सुनाया गया। इसके साथ ही पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ में आहुति देने एवं पूरे परिवार की सुखमय जीवन की कामना करने हेतु गांव के भाई बहन भारी संख्या में शामिल हुए। युग पुरोहित परमानंद ने कहा कि इस संसार में मोक्ष प्राप्त करने का साधन हमारा शरीर है।ईश्वर के द्वारा 84 लाख जीव जंतु का निर्माण करने पर मात्र एक ही ऐसा जीव है मनुष्य योनि जो मोक्ष मुक्ति को प्राप्त कर सकता है।साधन धाम मोक्ष कर द्वारा कहा गया है यह शरीर साधन ही है जो मोक्ष प्राप्त करने के लिए बाकी जो जीव जंतु है वह भोग योनि के रूप में आया हुआ है।इसीलिए न तो उनको भजन कीर्तन यज्ञ हवन की आवश्यकता पड़ती है और ना ही सत्संग मे वह आते हैं। कुछ दिन रहते हैं और इस दुनिया से भोग करके चले जाते हैं। लेकिन जितने भी साधन सत्संग पुराण भागवत धर्म,अधर्म सत्य असत्य,अच्छाई






बुराई का जो निर्माण हुआ है यह केवल एक योनी मनुष्य के लिए ही हुआ है। इसीलिए मनुष्य जीवन को सत्संग करने का अवसर बार-बार मिलते रहता है जो व्यक्ति सत्संग में आकर के अपने जीवन का मुक्ति चाहता है वह अमर हो जाता है, जैसे हरिश्चंद्र, विवेकानंद, मीराबाई एवं शबरी है। हमारे परम पूज्य गुरुदेव अपने जीवन को सार्थक एवं अमर बनाया। यज्ञ में यजमान के रूप में खेमीन ओमप्रकाश, लक्ष्मी गंगाप्रसाद, भुनेश्वरी धनेश, माही लालकुमार, सत्या सुखलाल, कुंती उत्तम, सोनकुवर जीवन, भारती लेखराम, शकुन संतु राम साहू, सीमा टकेश्वर, लता मनोज यादव सेवा दे रहे है। कार्यक्रम में भोजन प्रभारी मयाराम, घनश्या, दिलीप, मोहन, लोकनाथ, जगदीश हैं। वहीं पर भोजन बनाने में कुमार साहू, मुन्ना साहू, डोमन, चमन साहू, यज्ञ स्थल प्रभारी सरपंच कोमन ध्रुव, नानिक साहू, नारायण साहू, रेखु राम साहू, मदन लाल साहू एवं भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा जिला प्रभारी एच एल साहू, ब्लाक समन्वयक टीकमचंद सेन, इकाई प्रमुख कोमल रावत, ट्रस्टी संतोष साहू, श्रवण साहू फिंगेश्वर से चिंताराम साहू, एचएल साहू, जमुना, दिनेश साहू का विशेष योगदान रहा।

# महर्षि विद्या मंदिर में वार्षिक परीक्षा परिणाम की घोषणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शहर के समीपस्थ ग्राम मचेवा स्थित शैक्षणिक संस्थान महर्षि विद्या मंदिर में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषणा विद्यालय के प्राचार्य आरके तिवारी के मार्गदर्शन में हुआ। मुख्य अतिथि डाइट के व्याख्याता किरण कन्नौजे उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत गुरु पूजन एवं मां सरस्वती की पूजा-अर्चना से हुई, जिसे सुभाष पांडेय एवं संदीप शर्मा द्वारा कराया गया। पश्चात विद्यालय के प्राचार्य तिवारी ने स्वागत उद्बोधन देते हुए विद्यार्थियों को परीक्षा के महत्व एवं उसके परिणामों की उपयोगिता के बारे में बताया। उन्होंने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों की सराहना की तथा जिन विद्यार्थियों का परिणाम अपेक्षानुसार नहीं रहा, उन्हें भी निराश न होकर आगे बेहतर प्रयास करने के लिए प्रेरित किया।

मुख्य अतिथि किरण कन्नौजे ने विद्यार्थियों को परीक्षा एवं उससे जुड़े विभिन्न पहलुओं पर मार्गदर्शन प्रदान किया। उपरांत शिक्षिका रेखा तिवारी ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करने के लिए स्वयं रचित कविता प्रस्तुत की, जिसे सुनकर उपस्थित अभिभावकगण एवं छात्र-छात्राएं अत्यंत प्रसन्न हुए। अनीता ग्वाल ने भी छात्रों को निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता हिंदी नंदकुमार साहू एवं आभार प्रदर्शन व्याख्याता वाणिज्य गोविंद सिंह ठाकुर ने किया। कार्यक्रम के अंत में सभी विद्यार्थियों को उनके परीक्षा परिणाम वितरित किए गए। इस अवसर पर विद्यालय में एक आकर्षक सेल्फी




जोन भी बनाया गया, जिसे कक्षा 11वीं के विद्यार्थियों कृति, लिशी, राखी, ज्योतिका, अनन्या, लुविना, नियति, ज्योत्सना, साक्षी, अदिति,मीत, समीर एवं निखिल द्वारा तैयार किया गया। कार्यक्रम का आमंत्रण पत्र कुमारी दीप माला बर्मन द्वारा बनाया गया था।

कक्षा ग्यारहवी (विज्ञान संकाय) में प्रथम राधिका यादव 96.8 प्रतिशत, द्वितीय अन्तरा चंद्राकर 91.2, तृतीय राखी यादव 87.4, कक्षा ग्यारहवी (वाणिज्य संकाय) में प्रथम ख़ुशी पाण्डेय 86.6, द्वितीय अंकिता कन्नौजे 83.6, तृतीय समीर देवदास 87.4, कक्षा नवमी प्रथम साक्षी महोबिया 96.33, द्वितीय डॉली सिंहा 95.83, तृतीय हितेश यादव 95.5, कक्षा सातवीं में प्रथम आलिया सेवई 95.86, द्वितीय एनिमा अग्रवाल 94.29, तृतीय ओजल साहू 92.43, कक्षा छठवीं में प्रथम आदर्श भाई 99.14, द्वितीय पूर्वी साहू 97.79, तृतीय गरिमा चमन साहू 92.4, कक्षा चौथी में प्रथम संस्कार नारंग 99.3, द्वितीय तेज कुमार साहू 98.9, तृतीय सोनम साहू 98.6, कक्षा तीसरी में प्रथम गीतांजलि साहू 99.5, द्वितीय आलिया साहू और महक साहू 99.4, तृतीय वंशिका गायकवाड 99.3, कक्षा दूसरी में प्रथम नेमेश साहू 99, द्वितीय लक्ष्य दीवान और कुमकुम साहू 98, तृतीय पूर्वी चंद्राकर 97.8, कक्षा केजी 2 में प्रथम अनन्या ध्रुव, लिपिका साहू और पूर्वी धीवर 99.7, द्वितीय मोक्षिता चंद्राकर और त्रिशिका दीवान 99, तृतीय तिक्षिका यादव और दुष्यंत साहू 98.7, कक्षा केजी 1 में प्रथम दिव्यांश कुमार साहू 99.4, द्वितीय तोशिका देवांगन 98.8, तृतीय समृद्धि सिंहा 98.5, कक्षा नर्सरी में प्रथम आर्या यादव 100, द्वितीय अवांशी यादव 99.6, तृतीय अदिति भोई 99.2 प्रतिशत के साथ उत्तीर्ण रहे।

# छात्रों को शोध की मूल अवधारणा, विषय चयन, उद्देश्य निर्धारण की दी जानकारी

**महासमुंद।** शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय में हिंदी विभाग द्वारा विद्यार्थियों के लिए लघु शोध प्रविधि विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य नई शिक्षा नीति के अंतर्गत पाठ्यक्रम में शामिल शोध प्रविधि एवं लघु शोध-प्रबंध की संपूर्ण प्रक्रिया से विद्यार्थियों को परिचित कराना था।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन के साथ हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. दुर्गावती भारतीय तथा विभागीय प्राध्यापकों की उपस्थिति में हुआ। इस अवसर पर डॉ. भारतीय के शोध-निर्देशन और मार्गदर्शन में एमए हिंदी चतुर्थ सेमेस्टर के विद्यार्थियों को शोध की मूल अवधारणा, विषय-चयन, उद्देश्य-निर्धारण, रूपरेखा-निर्माण, तथ्य-संग्रह, विश्लेषण और निष्कर्ष तक की पूरी प्रक्रिया से अवगत कराया गया।

कार्यशाला में सर्वप्रथम डॉ. कलमरेखा ने शोध की आवश्यकता और उसकी बौद्धिक भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि "शोध की जिज्ञासा मनुष्य के भीतर शैशवावस्था से ही विद्यमान रहती है।" उन्होंने शोध समस्या के निर्धारण से लेकर उसके चरणबद्ध अध्ययन, तथ्यों के मूल्यांकन, विश्लेषण तथा समस्या-समाधान कौशल के विकास पर विस्तार से अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया। इसके पश्चात डॉ. जीवन चंद्राकर ने शोध कार्य की संभावनाओं और चुनौतियों पर विचार रखते हुए विद्यार्थियों को कंप्यूटर एवं तकनीकी साधनों के व्यावहारिक उपयोग के माध्यम से शोध कार्य में नवाचार और गुणवत्ता वृद्धि के लिए प्रेरित किया।

## खबर संक्षेप

### विधायक साहू देंगे करोड़ों के विकास कार्यों की सौगात आज

**अभनपुर।** नगर पालिका परिषद अभनपुर क्षेत्र अंतर्गत अधोसंरचना मद, स्वच्छ भारत मिशन, मुक्तिधाम उन्नयन योजना सहित 37 विभिन्न विकास कार्य लागत राशि 397.92 लाख का भूमि पुजन एवं 04 विकास



कार्य लागत राशि 30.26 लाख का लोकार्पण, कुल 41 कार्य लागत राशि 428.18 का लोकार्पण एवं भूमिपूजन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि इंद्र कुमार साहू विधायक अभनपुर, अध्यक्षता उत्रसेन गहिरवारे अध्यक्ष नगर पालिका अभनपुर, अति विशिष्ट अतिथि बलविंदर सिंह गाँधी उपाध्यक्ष नगर पालिका अभनपुर, विशिष्ट अतिथि श्रीमती सुशीला हरिवंश सभापति लोक निर्माण नगर पालिका अभनपुर एवं समस्त माननीय पार्षद गण नगर पालिका अभनपुर की गरिमामय उपस्थिति में 31 मार्च 2026 दिन मंगलवार को समय दोपहर 2 बजे धीवर समाज भवन अभनपुर में सम्पन्न होगा ।

### 22 विद्यार्थियों का चयन नवोदय व प्रयास में हुआ

**अभनपुर।** ग्राम सिवनी स्थित एम्बिशन पब्लिक स्कूल एवं कोचिंग के कुल 22 मेधावी विद्यार्थियों का चयन प्रतिष्ठित जवाहर नवोदय विद्यालय एवं प्रयास आवासीय विद्यालय में हुआ है। चयनित विद्यार्थियों में अंबर सिंगोर, कनिका साहू, रुक्मणी अवधिया, वैभव कुमार कौशिक, चंद्रहास साहू, सुरभि रात्रे, कुशाग्र बिश्वास, नित्या साहू, डिंपल बंछोर, कुष्मिता पटेल, वाणी वर्मा, संस्कार सिन्हा, रणवीर निषाद, ओनिश साहू, देवांश निषाद, राजा धनकर, ओंकार धीवर, समीर मनहरे एवं नागेश रात्रे शामिल हैं। वहीं प्रयास विद्यालय के लिए राकेश साहू, प्रिया खंडेलवाल एवं ईशिका चतुर्वेदी का चयन हुआ है।विद्यालय के संचालक बी.आर. रात्रे ने इस उल्लेखनीय सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह उपलब्धि विद्यार्थियों की कठिन मेहनत, शिक्षकों के समर्पण और अभिभावकों के निरंतर सहयोग का प्रतिफल है। उन्होंने सभी चयनित विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### हीरालाल कालेज में हुई व्याख्यानमाला

**अभनपुर।** शासकीय हीरा लाल महाविद्यालय अभनपुर के भूगोल विभाग द्वारा व्याख्यानमाला का आयोजन किया गया, जिसमें पूर्व प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष (भूगोल) डॉ टीएल वर्मा ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति में भारतीय ज्ञान परंपरा का प्रयोग विषय पर विस्तृत एवं प्रेरक उद्बोधन देते कहा कि मातृभाषा एवं क्षेत्रीय भाषाओं को बढ़ावा देना इस नीति का महत्वपूर्ण पहलू है। साथ ही पर्यावरण संरक्षण, बढ़ते नगरीकरण, औद्योगीकरण, प्रदूषण एवं जनसंख्या जैसे मुद्दों पर भी नई शिक्षा नीति में विशेष ध्यान दिया गया है। प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार शुक्ला ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में नई शिक्षा नीति के पांच स्तंभ—शिक्षा, कौशल, रोजगार, उद्यमिता एवं समावेशन—की विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. संध्या विश्वकर्मा, डॉ. मल्लिका सूर, डॉ. मंजू ताम्रकार, आईक्यूएसी प्रभारी डॉ. दीपा चतुर्वेदी, डॉ. योगेंद्र सहित अन्य प्राध्यापकगण उपस्थित रहे।

**समस्या : बालियां निकलने से पहले मरने की कगार पर धान के पौधे**

# बिजली कटौती से सूख रही रबी की फसल बाली निकलने के वक्त खेतों में पड़ी दरारें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोपरा

रबी सीजन में ट्यूबवेल के सहारे धान की फसल लगाए क्षेत्र के तरीघाट सिर्रीखुर्द, खुटेरी, खुड़ियाडीह, कौन्दकेरा, सेमहराडीह के किसान इन दिनों आसमान नहीं, बिजली विभाग की ओर टकटकी लगाए बैठे हैं। लगातार अनियमित बिजली कटौती ने खेतों में खड़ी फसल को झुलसा रहे हैं। हालात ऐसे हैं कि धान की बाली निकलने के वक्त पौधे मुरझाने लगे हैं और खेतों में दरारें पड़ गई हैं।किसान मुनेश साहू, हेमलाल साहू, हेमंत साहू, मोहन वर्मा का कहना है कि दिन में "फॉल्ट" और "मेंटेनेंस" के नाम पर लाइन बंद कर दी जाती है, तो रात में "अटल ज्योति" के तहत 5-6 घंटे बिजली काट दी जाती है। नतीजा ट्यूबवेल नहीं चल पा रहे, सिंचाई ठप है और खेतों में दरार आ गया है, फसल सूखने लगी है। गणेश साहू, लीलू साहू, मनोज वर्मा, भोज साहू, तेजराम साहू ने बताया कि साहूकारों से ऊँचे ब्याज पर कर्ज लेकर महंगे दामों में खाद, दवा और निंदाई-गुड़ाई पर बड़ा खर्च किया है। प्रति एकड़ 25-30 हजार रुपये तक की लागत आ चुकी है। अब जब फसल निर्णायक अवस्था में है तो पानी न मिलने से पूरी मेहनत पर पानी फिरता दिख रहा है। बिजली का कोई तय समय नहीं है। कब लाइन आएगी, कब जाएगी कुछ पता नहीं। रात भर जागकर मोटर देखने जाते हैं, फिर भी पानी नहीं मिल पा रहा। कर्ज लेकर खेती की, अब फसल सूख गई तो परिवार कैसे चलेगा? किसानो ने बताया कि रविवार को सुबह 3 घंटे बस बिजली सप्लाई हुई है उसके बाद से दिनभर बंद है। रात्रि में भी यही स्थिति हो रही है यने 24 घंटे में मात्र 10 से 12 घंटे ही बिजली दी जा रही है इससे किसानों की चिंता बढ़ गई है।



**लोड बढ़ने से दिक्कतें आ रही**

इस संबंध मे एईई शिवेंद्र साहू बिजली विभाग राजिम का कहना है की रविवार कों बेलर के पास लाईन कटा था इस वजह से लाइन बंद था। अभी लोड ज्यादा बढ़ा गया जिसके वजह से बंद हो रहा है, मेंटेनेस करने का प्लान कर रहें बंद करके सभी फाल्ट कों ठीक करेंगे तभी समझ आएगी, हवा तूफान के कारण भी दिक्कते आती है अभी मेंटेनस धुप के कारण नहीं हो पा रहा जैसे ही मौसम नम होगा तो शुरू करेंगे। वोल्टेज की समस्या नहीं है रही बात पंप का तो शेड्यूल ही छः घंटा बंद करने का था जिसके समय कों चेंज किए हैं दिन में बंद होता है उसको रात मे मेंटेन करते है ताकि लाइन सही मिल सके।

**आर्थिक और मानसिक मार**

फसल खराब होने का खतरा सिर्फ आर्थिक नुकसान नहीं, बल्कि किसानों पर मानसिक दबाव भी बढ़ा रहा है। कर्ज का बोझ, बढ़ती लागत और अनिश्चित बिजली आपूर्ति ने ग्रामीण किसानों को गहरे संकट में डाल दिया है। किसान इतने पीड़ित दिखाई दे रहे हैं कि वह रूधे श्वर में प्रश्न कर रहे हैं कि क्या बिजली विभाग किसानों को हो रहे नुकसान की भरपाई करेगा? या फिर हर सीजन की तरह इस बार भी किसान ही हालात का खामियाजा भुगतेंगे? सिर्रीखुर्द और खुटेरी के किसानों ने प्रशासन और बिजली विभाग से तत्काल नियमित बिजली आपूर्ति की मांग की है। यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो किसानों ने आर्थिक नुक़सान की भरपाई को लेकर विभाग के खिलाफ बड़ा कदम उठाने की बात कही।

## छत्तर भोज टीकावन के साथ डुमाजात्रा का समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

तहसील मुख्यालय मैनपुर से 04 किमी दूर गोपालपुर मे आदिवासी समाज द्वारा अपनी परंपरा और मान्यताओ के अनुसार बुढ़ालपेन कुंडा मिलान डुमाजात्र का तीन दिवसीय आयोजन किया गया जिसके आज सोमवार तिसरे दिन को वि"ोश कार्यक्रम टीकावन के साथ ही विशाल छत्तर भोज का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम मे हजारो लोगो ने पहुंचकर प्रसाद भोज ग्रहण किया। कार्यक्रम मे प्रमुख रूप से छुरा राजपरिवार से श्रीमति महे"वरी शाह, जिला पंचायत सदस्य लोकेश्वरी नेताम, संजय नेताम, महेन्द्र नेताम, महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष मंजु ध्रुव, सियाराम ठाकुर, खेलन दीवान, महेन्द्र नेताम सहित वरिष्ठ आदिवासी नेता उपस्थित थे। आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला पंचायत सदस्य लोके"वरी नेताम ने कहा आज आदिवासी परंपरा अनुसार डुमाजात्र के अंतिर दिन पेन विवाह टीकावन बुढ़ादेव पूजा एवं छत्तर भोज का आयोजन किया गया जिसमे गोपालपुर नेताम परिवार सहित क्षेत्र के हजारो लोग शामिल हुए। श्रीमति नेताम ने कहा की इस कार्यक्रम में सभी समाजजनों का अच्छा सहयोग रहा जिसके लिए उन्होने सभी का आभार व्यक्त किया पश्चात देवी-देवताओं का विधिविधान के साथ विदाई की गई। इस कार्यक्रम मे प्रमुख रूप से अनुसूचित शासकीय सेवक संघ जिला अध्यक्ष भागसिंह कोमर्रा, अमृत नागेश, लच्छिन्दर दीवान,



मुक्ताज दीवान, पवन दीवान, सोहन दीवान, सदाराम दीवान, पारे"वर, सोनसिंह, निराम, देवीसिंह, बाबूलाल, बरनसिंह,भैयालाल, शिवचरण, धनसिंह, दलपसिंह, सुन्दर सिंह, बोधन, गौकरण मरकाम, मोहन, रूखमणी नेताम, राजोबाई नेताम, मेहतरीन बाई नेताम, उपासीन नागेश, विजेन्द्र ठाकुर, भागसिंह कोमर्रा, कल्याण सिंह कपिल, पवन, बलिराम नेताम, संतराम नेताम, उमेश दाउ, मयासिंह नागेश, भावसिंह नेताम, युवराज नेताम, गौकरण ध्रुर्वा, सुखराम नागेश, सुधीर, नारायण सिंह नेताम एवं हजारो की संख्या में आदिवासी समाज के साथ ही क्षेत्र के लोग कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम का संचालन महेन्द्र नेताम, गोपी नेताम द्वारा किया गया।

## विधायक का मातृशक्ति ने किया सम्मान...



**राजिम।** लोहरसी में महिला भवन की सौगात मिलने पर ग्राम की मातृशक्तियां विधायक निवास पहुंचकर विधायक रोहित साहू का बुके भेंट कर सम्मान करते हुए हृदय से धन्यवाद ज्ञापित किया। विधायक श्री साहू ने कहा कि यह सम्मान और विश्वास मेरे लिए प्रेरणास्रोत है।

**फिंगेश्वर ब्लॉक कांग्रेस की नई रणनीति**

## कांग्रेस ने 10 मंडलों में 30 प्रभारियों की नियुक्ति की, गांव-गांव तक पहुंचेगी पार्टी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

संगठन सृजन अभियान के तहत संगठन को नई ऊर्जा व मजबूती देने छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष माननीय दीपक बैज जी,पूर्व पंचायत मंत्री अमितेश शुक्ल एवं गरियाबंद जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुखचंद बेसरा के निर्देश पर फिंगेश्वर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रूपेश साहू ने संगठन को जमीनी स्तर तक सक्रिय करने रोडमैप तय किया है। इस हेतु उन्होंने पार्टी के ब्लॉक कार्यकारिणी के 30 पदाधिकारी को विभिन्न संगठनात्मक प्रभार सौंपे हैं। श्री साहू द्वारा इस व्यापक संगठनात्मक पुनसंरचना के तहत फिंगेश्वर ब्लॉक के 10 मंडल में जिम्मेदारियां तय की गई है, जिसमें पार्टी की गतिविधियों को गांव–गांव और बुथ स्तर तक विस्तार देने के लिए रणनीति बनाई जा सके खास बात यह है कि ब्लॉक स्तर के पदाधिकारीयों को सीधे क्षेत्रीय प्रभार सौंपने की यह पहल पहली बार देखने को मिली है, जिससे संगठन में जवाबदेही और



सक्रियता बढ़ाने की दिशा में अहम माना जा रहा है। ब्लॉक अध्यक्ष रूपेश साहू ने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि सभी पदाधिकारी अपने अपने प्रभाव क्षेत्र में नियमित प्रवास करेंगे, पंचायत वार्ड एवं बुथ कमेटियों के गठन को प्राथमिकता देंगे तथा एक सप्ताह के भीतर प्रारंभिक प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे वहीं आगामी चुनाव वाले क्षेत्र के प्रभारी को प्रत्येक सप्ताह रिपोर्ट ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि संगठन की असली ताकत कार्यकर्ता होते हैं और जब जिम्मेदारी स्पष्ट होती है तो परिणाम भी प्रभावी आते हैं। हमारा लक्ष्य है कि कांग्रेस की नीतियां विचारधारा और जनहित के मुद्दे सीधे आम जनता तक पहुंचे। संघटनात्मक मजबूती की दिशा में कदम बढ़ाते हुए उन्होंने राजिम मंडल में डोंगरसिंग मरकाम, रामनारायण साहू, सुदामा वर्मा, इसी तरह संघटनात्मक कार्यों में गति और पारदर्शिता सुनिश्चित हो सके ब्लॉक स्तर पर अनुभवी एवं सक्रिय नेताओं को प्रभार दिया गया है। बेलर मंडल में राम कृष्ण तिवारी, भुवनेश्वरी बंजारे, चंपू सतनामी फिंगेश्वर मंडल सुंदर साहू, डॉ. राजेंद्र साहू, रूमन यादव, कौंदकेरा मंडल श्री दुर्गा सिंन्हा, हिमेश्वरी साहू थनेश्वर बंजारे, श्याम नगर मंडल में डॉ. रमेश साहू, ईशु तारक, देवेंद्र साहू, किरवई मंडल रोहित साहू, डोमन साहू, कमलेश यदू, कोपरा मंडल श्री अशोक निर्मलकर, ईश्वरी साहू, खेमराज सिंन्हा रावड़, मंडल में कुलेश्वर साहू, योगेश्वरी साहू, संतु ध्रुव, जामगांव मंडल में लेखराम साहू, वासुदेव यादव, मुकेश ध्रुव भसेरा मंडल में कमल भारती, रूद्रेश सिंह राजऋषि टंडन को जिम्मेदारी दी गई है।

## सर्व ब्राह्मण समाज की महिलाओं ने विश्व शांति के लिए किया सामूहिक पाठ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

रामनवमी के पावन अवसर पर श्रीराम जन्मोत्सव कार्यक्रम शीतलापारा स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर में विश्व शांति और सदभावना की मंगल कामना के साथ सालासर हनुमान चालीसा जनकल्याण समिति एवं सर्व ब्राह्मण समाज की महिलाओं द्वारा किया गया। इस अवसर पर सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा पाठ का भव्य आयोजन भी हुआ। आयोजन के दौरान विश्वभर में व्याप्त अशांति, युद्ध और विभिन्न भौगोलिक एवं वैज्ञानिक चुनौतियों के बीच शांति और सकारात्मक ऊर्जा की कामना करते हुए मातृशक्तियों ने श्रद्धा और भक्ति भाव से यह मंगल पाठ किया। 108 राम नाम जप माला भजन आरती के साथ श्री हनुमान जी महाराज से प्रार्थना कर आशीर्वाद



प्राप्त किया। कहा कि सभी के जीवन में सुख, समृद्धि और शांति बनी रहे। हनुमान चालीसा महोत्सव में सर्व ब्राह्मण समाज की अध्यक्ष तारिणी शर्मा, रेणुका तिवारी, नीरजा पांडे, अनिमा मिश्रा, रुचि शर्मा, रानी पांडे, पूजा शर्मा, हितेश्वरी द्विवेदी, स्वाति उपाध्याय, रश्मि तिवारी, ऐश्वर्या शर्मा, शीला दुबे, ममता मिश्रा, नेहा शर्मा, शैल तिवारी, कल्पना पांडे, अंजू तिवारी, आयुषी शर्मा ,किरण तिवारी, वर्षा मिश्रा, प्रतिभा शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रही। यह प्राचीन हनुमान जी का मंदिर मुक्ति शर्मा के निवास आदर्श कॉलोनी में है, जहाँ यह संपूर्ण धार्मिक कार्यक्रम अत्यंत श्रद्धा और भव्यता के साथ संपन्न हुआ, जिससे पूरे वातावरण में भक्ति और सकारात्मक ऊर्जा का संचार हुआ। सालासर सुंदरकांड जनकल्याण महिला समिति, सर्व ब्राह्मण महिला मंडल की अध्यक्ष तारणी शर्मा ने आयोजक ,विप्र बहनों,श्रद्धालुओं व हिन्दू समाज को ऐसे आयोजनों में अपनी सहभागिता देने की प्रेरणा दी।

### वैश्विक संकट के बीच पेट्रोल-डीजल की कीमतों पर नियंत्रण सराहनीय : गौरीशंकर

**मैनपुर।** जिला पंचायत गरियाबंद अध्यक्ष गौरीशंकर कश्यप ने वैश्विक तनाव और युद्ध जैसे हालातों के बीच पेट्रोल-डीजल की कीमतों को नियंत्रित रखने के लिए भारत सरकार की नीतियों का स्वागत करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार व्यक्त किया है। श्री कश्यप ने कहा



कि वर्तमान समय में विश्व स्तर पर चल रहे तनाव और युद्ध जैसी परिस्थितियों के कारण कच्चे तेल की कीमतों में लगातार उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है। ऐसे समय में भारत सरकार द्वारा एक्साइज ड्यूटी में कमी, वैकल्पिक देशों से तेल आयात और तेल कीमतों को नियंत्रित रखने जैसे निर्णय आम जनता को राहत देने वाले हैं। उन्होंने कहा कि भारत अपनी जरूरत का अधिकांश कच्चा तेल आयात करता है, इसके बावजूद केंद्र सरकार द्वारा उठाए गए कदमों के कारण देश में पेट्रोल–डीजल की कीमतों को संतुलित बनाए रखने में सफलता मिली है। यदि सरकार समय पर हस्तक्षेप नहीं करती, तो अंतरराष्ट्रीय बाजार में बढ़ती कीमतों का सीधा असर आम जनता पर पड़ता। श्री कश्यप ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार लगातार आम जनता के हित में निर्णय ले रही है। वैश्विक संकट के दौर में भी देशवासियों को राहत देने का प्रयास सराहनीय है।

## बदहाल व जानलेवा हुई चैतरा सेंदर पुलिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर

फिंगेश्वर क्षेत्र के चैतरा और सेंदर के बीच नाले पर बनी पुरानी पुलिया अब पूरी तरह जर्जर हो चुकी है और प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अधिकारी किसी बड़े हादसे का इंतजार करती नजर आ रही है। पुलिया की ऊपरी सतह टूट चुकी है, लोहे की सरिया बाहर निकल आई है और हालत इतनी खराब है कि कभी भी यह ढह सकती है। बरसात के दिनों में जब पुलिया के ऊपर से पानी बहता है, तब ये निकली हुई सरिया दिखाई भी नहीं देती, जिससे दुर्घटना का खतरा कई गुना बढ़ जाता है। यह पुलिया केवल एक-दो गांवों की सुविधा तक सीमित नहीं है, बल्कि छुरा, छूईहा, बेलर, सेंदर, चैतरा और फिंगेश्वर को जोड़ने वाला अत्यंत व्यस्त मार्ग है। इसी रास्ते से भारी वाहन, यात्री बसें और घटारानी व जतमई जैसे पर्यटन स्थलों की ओर जाने वाले श्रद्धालु भी गुजरते हैं। बावजूद इसके, क्षेत्रवासी मजबूरी में इस खतरनाक पुलिया पर आवागमन करने को विवश हैं। विभाग के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक पाटकर किसी वरिष्ठ नागरिक, पत्रकार इस समस्या पर चर्चा करना चाहते तो मोबाइल नहिं उठाते हैं। जीससे जनप्रतिनिधि में आक्रोश है। हाल ही में कलेक्टर भगवान दास उइके भी इसी मार्ग से होकर गुजरे थे। इस दौरान पूर्व सरपंच एवं भाजपा नेता रामाधार साहू ने उन्हें पुलिया की गंभीर स्थिति से अवगत कराया। उनके साथ सरपंच राकेश गामनी घृतलहरे और ग्रामीणों ने स्पष्ट मांग रखी कि यहां नई पुलिया का निर्माण अत्यंत आवश्यक है। ग्रामीणों का कहना है कि यह मार्ग क्षेत्र का मुख्य संपर्क मार्ग है, जो अब जानलेवा बन चुका है।

**पर्यटन और संपर्क का मुख्य मार्ग, फिर भी अनदेखी**



पुलिया की बदहाल स्थिति न केवल राहगीरों के लिए खतरा है, बल्कि वाहनों के टायरों को भी नुकसान पहुंचा रही है। इसके बावजूद संबंधित प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना विभाग की ओर से अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं होना कई सवाल खड़े करता है। यह केवल एक पुलिया का मामला नहीं, बल्कि प्रशासनिक संवेदनशीलता और जिम्मेदारी की परीक्षा है। अगर समय रहते इस समस्या का समाधान नहीं किया गया, तो कोई भी बड़ा हादसा प्रशासन की लापरवाही की गवाही देगा। क्षेत्रवासियों और ग्रामीणों ने कलेक्टर से इस जर्जर पुलिया को तत्काल हटाकर नई और मजबूत पुलिया बनाने की मांग की है। अब देखना यह है कि जिम्मेदार अधिकारी कब तक इस गंभीर समस्या पर संज्ञान लेते हैं क्योंकि यहां हर दिन गुजरता हुआ हर व्यक्ति जोखिम के साये में है।

## पेज 9 के शेष...

### छत्तीसगढ़ के सरहदी...

और आला अफसर इस ओर ध्यान दे तो निश्चित रूप से बहुत कम खर्च में और आसानी के साथ ओड़िशा प्रदेश से हमारे छत्तीसगढ़ के सीमावर्ती ग्रामों में बिजली पहुंचाई जा सकती है।

**दो दशक से नहीं पहुंचे कोई सांसद, विधायक या बड़े अधिकारी-** मैनपुर क्षेत्र के दूरस्थ वनांचल में बसे ग्राम साहेबिनकछार, कोदोमाली के ग्रामीण राज्य निर्माण के 25 वर्षो बाद भी मूलभूत सडक, पेयजल, शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली जैसे समस्याओं के लिए तरस रहे है, और तो और दो दशक में किसी भी राजनीतिक पार्टी के विधायक, सांसद और तो और आला अधिकारी भी इस गांव में नही पहुचे है, कोदोमाली के आदिवासी पिछडी विशेष जनजाति कमार भुंजिया लगभग 10 किलोमीटर चलकर हर पांच साल में सासंद और विधायक को वोट देने साहेबिनकछार ग्राम पंचायत मुख्यालय तक पहुंचते है इनके कीमती वोट से सांसद और विधायक बनने के बाद इनके चुने हुए जनप्रतिनिधि इन्हे भुल जाते हैं। इस बात की मलाल इस गांव के लोगो में देखने को मिलती है। मैनपुर देवभोग नेशनल हाईवे मार्ग मे मैनपुर से 28 किलोमीटर दुर बम्हनीझोला और वंहा से लगभग 25 किलोमीटर दूर ग्राम पंचायत साहेबिनकछार के आश्रित ग्राम कोदोमाली है, इस गांव तक पहुचने के लिए लगभग 14 से 15 छोटे बडे नदी नालों को पार किया जाता है, कुछ छोटे नदी नालों में रपट का निर्माण किया गया है, लेकिन बडे नदी उदंती नदी, भैसाझरी, जबीर नदी में आज तक रपट और पुल निर्माण नहीं होने के कारण ग्राम कोदोमाली सहित लगभग एक दर्जन ग्राम पूरा बारिश के चार माह मुख्यालय से कट जाता है।

ग्राम साहेबिनकछार के सरपंच चैतीबाई नायक, पूर्व सरपंच अर्जुन नायक, रूपसिंह मरकाम ने बताया कि छत्तीसगढ राज्य निर्माण के 25 वर्षो बाद भी आज तक कोई भी कांग्रेस और भाजपा के सांसद विधायक इस गांव में नहीं पहुंचे है, और तो और कोई भी आला अधिकारी आज तक इस गांव में नहीं आए है, जबकि ग्राम पंचायत साहेबिनकछार आने के लिए कई बार विधायक और सांसद को निमंत्रण दे चुके है, ग्रामीणों का कहना है कि जब तक सांसद विधायक बडे अधिकारी हमारे गांव में नहीं पहुचेंगे तब तक इस गांव की समस्या का समाधान नहीं होगा। जहां बडे अधिकारी, अफसर, सांसद, विधायक यहां के समस्याओं को देखेंगे तभी तो समस्याओं का समाधान होगा। ग्राम बम्हनीझोला से साहेबिनकछार और साहेबिनकछार से आठ किलोमीटर कोदोमाली तक कच्च दलदल युक्त सडक की स्थिति बेहद खराब है टाईगर रिजर्व क्षेत्र होने के कारण यह पक्की सडक का निर्माण नहीं किया जा रहा है। यदि शासन चाहे तो गरीबा, भुतबेडा के तरफ से यहा तक पक्की सडक का निर्माण आसानी से किया जा सकता है। यहां के ग्रामीणों को राशन के लिए 05 किलोमीटर साहेबिनकछार आना पडता है।

**साहेबिनकछार क्षेत्र की समस्याओं को लेकर बैठक-** गरियाबंद जिले के आदिवासी विकासखण्ड मैनपुर के दूरस्थ वनांचल में बसे साहेबिनकछार क्षेत्र के एक दर्जन से ज्यादा ग्रामों की मूलभूत समस्याओं के समाधान के लिए समाज प्रमुखों की बैठक आज सोमवार को आयोजित किया गया जिसमें क्षेत्र के समस्याओ के निदान के लिए गरियाबंद कलेक्टर से मुलाकात कर मुख्यमंत्री को समस्याओ से अवगत कराने का निर्णय लिया गया है।

### आशीर्वाद समारोह...

व्यक्ति टेंट या केटरिंग का कर्मचारी हो सकता है। जांच के दौरान कार्यक्रम स्थल के पास कुछ फटे हुए लिफाफे भी मिले हैं, जो चोरी की पुष्टि करते हैं। घटना की गंभीरता को देखते हुए जिला पुलिस अधीक्षक गरियाबंद ने मामले को संज्ञान में लिया है। फिंगेश्वर थाने में अपराध क्रमांक 89/2026 के तहत धारा 303(2) और 331(4) के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया है।

### महिला रेंजर ज्योति...

वन एवं वन्यप्राणियो की सुरक्षा उनकी पहली प्राथमिकता है। उन्होने आगे कहा उदंती अभ्यारण्य बेहद घने जंगल के साथ यहां विभिन्न दुर्लभ वन्यप्राणी पाये जाते है साथ ही राजकीय पशु वनभैंसा भी है उन्होने कहा उन्हे यहां कार्य करने का अवसर मिला है यह उनकी पहली पोस्टिंग है और जंगल की सुरक्षा के साथ ही वन्यजीवो की सुरक्षा उनकी पहली प्राथमिकता है। उन्होने बताया यह क्षेत्र ओड़िशा से भी लगा हुआ बावजूद इसके उच्च अधिकारियों के निर्देशानुसार कार्य किया जायेगा।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**खबर संक्षेप**

## शादी और गर्मी के सीजन में इलेक्ट्रॉनिक सामानों के दाम आसमान पर : युवराज

**फिंगेश्वर।** युवा नेता जिला उपाध्यक्ष युका व्यापारी संघ के अध्यक्ष युवराज बंटी सिंहा ने कहा कि वैश्विक स्तर पर बढ़ते तनाव और युद्ध जैसी परिस्थितियों का सीधा असर अब आम लोगों के जेब पर साफ दिखाई देने लगा है जिसका प्रभाव खास तौर पर इलेक्ट्रॉनिक सामान की कीमतों पर पड़ा है।कच्चे तेल की कीमतों में



उतार–चढ़ाव और सप्लाई चैन में बाधा के चलते स्थिति और गंभीर होती जा रही है।गर्मी का मौसम शुरू होते ही जहां आमतौर पर रेफ्रिजरेटर, कूलर, फ्रिज, टीवी एसी और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की मांग तेजी से बढ़ जाती है। वहीं इस बार उनकी कीमतों में भी जबरदस्ती इजाफा देखने को मिल रहा है। पहले की तुलना में इन वस्तुओं के दाम बढ़ गए हैं जिससे ग्राहकों को खरीदारी करने में परेशानी हो रही है कई दुकानदारों का कहना है कि कंपनियों ने पहले ही कीमत बढ़ा दी है और आने वाले समय में और बढ़ोतरी की संभावना है।
इसी बीच शादी का सीजन भी जोरों पर है जिससे इलेक्ट्रॉनिक सामान कपड़ों की मांग और अधिक बढ़ गई है।लोग उपहार और घरेलू जरूरत के लिए इन वस्तुओं की खरीदारी करते हैं लेकिन बढ़ती कीमतों के कारण अब लोग बजट में कटौती करने को मजबूर हो रहे हैं। कई परिवार जरूरी सामान को टाल रहे हैं या सस्ते विकल्पों की तलाश कर रहे हैं खास तौर पर मध्यम और निम्न वर्ग के लोगों के लिए यह स्थिति और भी कठिन हो गई है।सीमित आय और बढ़ती महंगाई के बीच घर का बजट संभालना चुनौती बन गया है। रसोई गैस खाद्य पदार्थ और रोजमर्रा की चीजों के दाम पहले से ही ऊंचे हैं। ऐसे में इलेक्ट्रॉनिक सामान सोना, चांदी, कपड़ा ईंधन की कीमतों में वृद्धि ने आम आदमी की परेशानी और बढ़ा दी है।

## धर्म स्वातंत्र्य कानून सीएम साय का साहसिक कदमः रिकेश साहू

**राजिम।** भाजपा मंडल अध्यक्ष रिकेश साहू ने छत्तीसगढ़ शासन द्वारा पारित नए धर्म स्वातंत्र्य कानून का स्वागत करते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाली सरकार की सराहना की है। कहा कि यह कानून प्रदेश में सामाजिक



समरसता, कानून व्यवस्था और नागरिकों की धार्मिक स्वतंत्रता की रक्षा की दिशा में एक ऐतिहासिक एवं साहसिक कदम है। लंबे समय से प्रदेश में जबरन, प्रलोभन एवं दबाव के माध्यम से किए जा रहे धर्मांतरण की शिकायतें सामने आती रही हैं। ऐसे में साय सरकार द्वारा लाया गया यह सख्त कानून न केवल इन अवैध गतिविधियों पर रोक लगाएगा, बल्कि आम नागरिकों के मौलिक अधिकारों की रक्षा भी सुनिश्चित करेगा। यह कानून स्पष्ट करता है कि कोई भी व्यक्ति अपनी इच्छा से धर्म परिवर्तन कर सकता है, लेकिन किसी प्रकार के प्रलोभन, भय या धोखे के आधार पर किया गया धर्मांतरण पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। इससे समाज में पारदर्शिता और विश्वास का वातावरण निर्मित होगा। विशेष रूप से कानून में कमजोर वर्गों-महिलाओं, बच्चों एवं अनुसूचित जाति-जनजाति के संरक्षण के लिए किए गए कठोर प्रावधानों की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह कदम सामाजिक न्याय की दिशा में अत्यंत महत्वपूर्ण है। श्री साहू ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं राज्य सरकार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भाजपा सरकार प्रदेश के सर्वांगीण विकास, सुरक्षा एवं सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण हेतु प्रतिबद्ध है। यह कानून उसी संकल्प का प्रतीक है।

## निःशुल्क शुगर एवं बीपी जांच शिविर कल

**महासमुंद।** दिव्य जीवन संघ द्वारा स्थानीय स्वामी शिवानंद योगभवन कचहरी चौक में 1 अप्रैल को निःशुल्क बीपी एवं शुगर जांच शिविर का आयोजन रखा गया है। आयोजन समिति ने लोगों को निःशुल्क शिविर का लाभ उठाने की अपील की है।

# सरकड़ा में गूंजा राम नाम, मानस सम्मेलन में उमड़ी भक्तों की भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाण्डुका

ग्राम सरकड़ा में पैरी प्रवाह संगठन, सरपंच, ग्रामवासीयों एवं क्षेत्र के दान दाताओं के सहयोग से चल रहे श्रीराम चरित मानस सम्मेलन के अवसर पर प्रदेश के एक से बढ़कर एक रामायण मंडली ने अपनी प्रस्तुति दी जिसमें मंडली कोने कोने गरियाबंद जिले के सरकड़ा (पाण्डुका) पहुंची और अपने मुखाग्र से ग्रामवासियों को राम रस का पान कराया जिसमें कार्यक्रम रात भर चलते रहे जिसमें सभी राम भक्ति में डूबे रहे जिसमें रामायण मंडलियों में पूजा मानस मंडली आदि मंडलियों ने बताया कि कलयुग में मुक्ति का सबसे अच्छा सरल साधन राम की भक्ति प्रभु की भक्ति में डूबे रहना किसी जीव प्राणी को मारना पीटना,

## मंडलियों ने दिया संस्कारों का संदेश



### रामायण से सीखें जीवन के आदर्श

आज के बच्चे व्हाट्सएप, फेसबुक, इंस्ट्राग्राम सोशल मीडिया में अपना समय व्यतीत कर रहे है और अपना समय बर्बाद कर रहे इससे समाज में गलत संदेश जा रहा और बच्चे गलत संगत में पढ़ने के कारण गलत काम कर और नशा पान को अपना रहे इससे बचने के लिए रामायण जैसे गीता, पुराण, रामायण जैसे गंथ का पढ़ाई करना चाहिए और समझना जरूरी है जिससे समाज के भाई बहन इसे अच्छी तरह जान सके सोच सके रामायण हमें अच्छी ज्ञान सिखाती है तथा हमें अपने जीवन में रावण से भी सीख लेनी चाहिए रावण ने सिर्फ एक गलती की माता सीता की हरण करके और आज तक उसे जलाया जाता लेकिन वह बहुत ज्ञानी पंडित था जो भक्ति भी करता था और अपने कुल एक लाख बेटा सवा लाख नाती (पोता) को तारने के लिए माता सीता का हरण कर लिया वो पंडित था जानता था कि भगवान के हाथों से मरने में हमें इस जीवन में प्रभु राम ही पार लगाएंगे, हमें यह भी सीख लेनी चाहिए राजा दशरथ द्वारा वचन का पालन एवं माता केकई द्वारा राम कों वनवास भेजे जाने पर माता की आज्ञा का पालन कर एक ही बार मे श्रीराम ने हामी भर दी और भाई लक्ष्मण, माता सीता के साथ आज्ञा का पालन करने 14 वर्ष के लिए वन निकल गए और आज के युग में अगर माता पिता बोल दे जाओ करके तो बालक हिस्सा बंटवारा की बात कर माता पिता को कष्ट देने लग जाते है इसके लिए आज के युग में बच्चों को पैसा कमाने की नहीं अच्छी शिक्षा प्राप्त करने के साथ साथ संस्कारवान बनाओ जो अपने धर्म समाज पूजा पाठ में मन लगाए और माता पिता की सेवा करे, जोकि भगवान ने हमें धरती में अपने माता पिता की सेवा के लिये भेजा इसका देवता भी पूजा करते है इसके लिए भक्ति करना और रामचरित मानस का होना बहुत जरूरी है। शनिवार-रविवार को कुल आठ मंडलियों ने अपनी प्रस्तुति दी जिसमें श्रोता गण रात एक बजे तक भजन कीर्तन सुनते रहे।



किसी जीव को खाना घोर पाप है, इस जीवन में इस भवसागर में मोह माया से छुटकारा पाना है तो भक्ति करनी पड़ेगी पूजा पाठ में मन लगाने से शांति मिलेगी आगे कहा कि गोस्वामी तुलसी दास जी का रामायण कई भाषाओं में लिखा है लेकिन हिंदी में ज्यादा समझे इसलिए हिंदी भाषाओं में भी वर्णित है जिसे हर कोई बोल पढ़ सके, लेकिन इस युग मे अभी के युवाओं द्वारा इस पर ध्यान बहुत ही कम दिया जा रहा है।

## समस्या : जब तक पुल नहीं बनता है तब तक वैकल्पीत सुविधा के लिए मरम्मत की मांग

# करोड़ों की स्वीकृति के बाद भी ग्रामीण जान जोखिम में डाल कर सफर करने को मजबूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोपरा

क्षेत्र के कई मार्गों की स्थिति बत से बत्तर हो चुकी है, और जिम्मेदार मौन हैं, हालांकि सड़क बनाने के लिए लाखों करोड़ों रुपए की स्वीकृति हुई है लेकिन धरातल पर अभी मुसीबत ही मुसीबत नजर आ रही है हम बात कर रहे हैं क्षेत्र के सहसपुर, ताड़ीघाट, लोहरसी, रवेली, तर्रा, कुरुषकेरा, और कौनदकेरा जैसे बड़े-बड़े गांव जहां से होकर रोजाना हजारों की संख्या में लोग सफर कर रहे हैं खराब सड़क लोगों के लिए मुसीबत बना हुआ है कई स्थानों पर तो सड़क के ऊपर कीचड़ चढ़ आया है जिसे हटाने वाला कोई नहीं है लिहाजा राहगीर फिसल कर कीचड़ में गिर रहे हैं और अपनी जान जोखिम में डाल रहे हैं। जब तक इन मार्गों का चौड़ीकरण या नया सड़क ना बने तब तक इन मार्गों का मरम्मत कार्य करना अति आवश्यक हो चुका है। किंतु किसको फुर्सत है राहगीर ग्रामीण अपनी जान दांव में लगाकर इन मार्गों से सफर कर रहे हैं सबसे ज्यादा परेशानी स्कूली बच्चों को हो जाती है जो राहगीरों के लिए मुसीबत बना हुआ है सहसपुर और कसेरुडीह मार्ग अति जर्जर हो चूका है जहाँ सरगी नदी को क्रॉस क़र पर्यटन स्थल को जाना होता है पुल की भी स्थिति जवाब देने लगी है बारिश आने पर यह पुल दोनों गांव को अलग कर सकती है।



### नवीनीकरण के लिए भेजे हैं

पीएमजीएसवाय अभिषेक पाटकर, राजिम ने कहा की उसमें ठेकेदार का संधारण अविधि समाप्त हो चूका है। पुनः नवीनीकरण के लिए भेजे हैं, ठेकेदार का संधारण अविधि पांच साल का होता है जो समाप्त हो गया है।

### कीचड़ बनी जान की दुश्मन, स्कूली बच्चे परेशान





क्षेत्र के सामाजिक कार्यकर्ता व युवा नेता रोशन साहू और अनिल साहू युवा नेता ने बताया की राहगीरों को बड़ी मुसीबत का सामना करना पड़ रहा है। रोजाना लोग दुर्घटना के शिकार हो रहे हैं। विभाग से अनुरोध है कि नया रोड जब तक नहीं बनता है जब तक पुल नहीं बनता है तब तक वैकल्पीत सुविधा के लिए मरम्मत किया जाए ताकि आने जाने वाले लोगों को अपनी जान जोखिम में डालना ना पड़े वर्तमान में चैत्र नवरात्र पर्व पर लोगों का भारी संख्या में इसी मार्ग से होकर देवी स्थल दर्शन करने आते थे। इस दौरान सड़क खराब होने के चलते कई लोग इस मार्ग पर चोटिल हुए हैं संबंधित विभाग जल्द से जल्द इस पर ध्यान दें और लोगों की जान से खिलवाड़ होने ना दे।

### जवाब दे रहा है सरगी नदी का पुल, छड़ें आने लगी बाहर



क्षेत्र क्रमांक तीन के जिला पंचायत सदस्य इंद्रजीत महाड़िक का कहना है की यह केवल एक ही मार्ग नहीं नगर पंचायत कोपरा से तर्रा मार्ग भी बुरी तरह जर्जर हो चुका है और इसी मार्ग में तर्रा से कुरुषकेरा मार्ग, रवेली कुंडेल जैसे गांव के मार्ग दयनिय स्थिति पर है सहसपुर और कसेरुडीह पुल में छड़े बाहर निकला आए हैं जो हमेशा खतरा बना हुआ है। विभाग मार्ग पर संधारण अविधि समाप्त का हवाला देकर अपना रोटी सेक रहे किन्तु ग्रामीणों कों अपनी जान से लड़ना पड़ रहा है।

# करकरा में 12 मानस मंडलियों ने किया प्रभु श्रीराम का गुणगान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़ागांव (कोरासी)

छुरा विकास खण्ड के ग्राम करकरा में नवयुवक बजरंग दल एवं समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से राम जानकी मंदिर प्रांगण में त्रि-दिवसीय रामरस गुणगान महोत्सव का आयोजन 28 मार्च से 30 मार्च तक संपन्न हुआ। कार्यक्रम का समापन सोमवार देर रात्रि भक्ति भाव के साथ हुआ। इस त्रिदिवसीय आयोजन में श्री रामचरित मानस चिंतन एवं मानसगान का भव्य आयोजन किया गया। ग्राम करकरा सहित आसपास के ग्राम कोरासी, रानीपरतेवा, पिपरहट्ठा, खड़मा, ओनवा, करचाली आदि से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर रामरस का आनंद लिया और राघवेंद्र सरकार की कथा प्रसंग का श्रवण किया। कार्यक्रम के दौरान व्याख्याताओं ने मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के आदर्शों को जीवन में अपनाने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि रामायण हमें जीवन जीने की कला सिखाती है। राज मानस परिवार आमदी (जिला धमतरी) के व्याख्याकार राजेश साहू ने माता कैकेई के त्याग और समर्पण का उल्लेख करते हुए कहा कि श्रीराम को मर्यादा पुरुषोत्तम बनाने में उनका योगदान अविस्मरणीय है। महोत्सव में 12 मानस मंडलियों ने भाग लेकर भगवान श्रीराम के यश का गुणगान किया। कार्यक्रम का संचालन देवनारायण यदु एवं जागेश्वर ध्रुव ने किया। आयोजन को सफल बनाने में नवयुवक बजरंग दल के सदस्य दिनेश साहू, कामदेव पटेल, पुष्कर साहू, टीलेश पटेल, शेखचंद पटेल, मुकेश पटेल, कुलेश्वर निर्मलकर, अमरनाथ पटेल, उमाशंकर पटेल, इंदल पटेल, कविन्द्र यदु, रकमेश्वर साहू, छत्तर लाल पटेल, तरुण नेताम, नागेश साहू, प्रमोद साहू, चोमेश्वर साहू, कृष्णा कुमार, मोहित पटेल, तुलस पटेल, भूपेंद्र पटेल, राहुल साहू, डिगेश दीवान, संजय साहू, सुरेश पटेल, राजेश पटेल, लीलाधर पटेल, वेदप्रकाश साहू, पंकज साहू सहित समस्त ग्रामवासियों का सराहनीय योगदान रहा।



# शत-प्रतिशत रहा वार्षिक परीक्षा परिणाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

क्षेत्र के एकमात्र सीबीएसई स्कूल डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल देहारगुड़ा मैनपुर में रिजल्ट ओपन डे का उत्साहपूर्वक आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पूजा–अर्चना एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ, जिससे पूरे परिसर में सकारात्मक ऊर्जा और उमंग का वातावरण बना रहा। कार्यक्रम के दौरान बहुप्रतीक्षित वार्षिक परीक्षा का परिणाम घोषित किया गया, जिसका विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को काफी लंबे समय से इंतजार था। परिणाम घोषित होते ही बच्चों के चेहरों पर खुशी, आत्मविश्वास और संतोष की झलक साफ दिखने लगी। बड़ी संख्या में उपस्थित अभिभावकों ने भी अपने बच्चों की सफलता पर गर्व व्यक्त किया। विद्यालय परिवार की ओर से उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया। केजी वन में रेणुका निषाद, भावी नेताम व नित्यांश पाडे प्रथम, द्वितीय और तृतीय आए। वहीं केजी टू में प्रथम दुर्गांजलि काशी, द्वितीय प्रिंस साहू और तृतीय विराज जायसवाल रहे। इस वर्ष सभी कक्षाओं का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा, जो संस्था की उत्कृष्ट शैक्षणिक गुणवत्ता, अनुशासन एवं समर्पण को दर्शाता है। कार्यक्रम का समापन हर्षोल्लास, उत्साह और उज्ज्वल भविष्य की कामनाओं के साथ हुआ। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकों के साथ साथ बड़ी संख्या में पालक एवं अभिभावकगण भी उपस्थित रहे।

# सफलता का मूल मंत्र अनुशासन : गोविन्द चौधरी





हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

श्री कुलेश्वरनाथ बाल कल्याण समिति द्वारा संचालित सरस्वती शिशु उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय में सोमवार को कक्षा नवम और एकादश के वार्षिक परीक्षा का परिणाम घोषित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राघोबा महाड़िक एवं विशिष्ट अतिथि अजय साहू, गोविंद चौधरी प्राचार्य सशिउमा.राजिम, नामदास लहरे द्वारा सरस्वती माता, भारत माता और ओम के छायाचित्र पर पूजन और माल्यार्पण कर प्रारंभ हुआ। सरस्वती वंदना के पश्चात मुख्य अतिथियों के उदबोधन और आशीर्वचन में अजय साहू ने भैय्या बहनों को वार्षिक परीक्षा के परिणाम पर बधाई देते हुए कहा कि अगर कभी असफल हुए तो हार नहीं माननी चाहिये, हर बार नई शुरूवात करनी चाहिए। राघोबा महाड़िक ने भैय्या बहनों को आशीर्वाद देते हुए सभी भैय्या बहनों के उज्जवल भविष्य की कामना की तथा कहा कि अगर अंक कम प्राप्त हुए हो तो उदास न रहे जीवन में कई परीक्षाएं आती हैं कभी कुछ ज्यादा कभी कुछ कम प्राप्त हो तो उसे स्वीकार करके आगे बढ़ते रहना चाहिए 'साल भर प्रतिदिन विद्यालय आने वाले भैय्या बहनों को जिनकी उपस्थिति 100% रही उन्हें प्रमाण पत्र और शील्ड देकर सम्मानित किया गया साथ ही नवम और एकादश में प्रथम, द्वितीय और तृतीय आने वाले भैय्या बहनों को भी प्रमाण पत्र और शील्ड देकर सम्मानित किया गया ' कक्षा नवम में बहन नेहा साहू 600 में से 548 अंक 96% प्राप्त कर पूरे विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त की। विद्यालय के प्राचार्य गोविन्द चौधरी ने कहा कि वर्ष भर जितने भी भैया बहन अनुशासन में रहे उनका परीक्षा परिणाम रूप सबसे बेहतर है। जीवन में सफलता प्राप्त करने का एक ही मूल मंत्र है कि हम हमेशा अनुशासित रहे, प्रतिदिन विद्यालय आये, अपने गुरुजनों की बात माने तथा अपने अपने लक्ष्य के प्रति हमेशा सजग रहे। भैया बहनों के इस सफलता पर विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य रोशन शुक्ला, हेमंत महाड़िक, अनिल साहू, उत्तम साहू, रविरंजन तारक, रोशन साहू, गजलाल निषाद, दीपक साहू, अनिता जाधव, वेद किरण देशमुख एवं सभी आचार्य दीदियों ने सभी भैया बहनों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए आशीर्वाद प्रदान किया।

## नगर के राधाकृष्ण मंदिर प्रांगण में कोसरिया यादव समाज का वार्षिक सम्मेलन

# कोसरिया यादव समाज मेहनकश समाज : अमितेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

कोसरिया यादव समाज परिक्षेत्र फिंगेश्वर का वार्षिक सम्मेलन एवं लोकार्पण कार्यक्रम संपन्न। मुख्यअतिथि अमितेश शुक्ल ने 5 लाख से निर्मित सामुदायिक भवन का लोकार्पण किया। कार्यक्रम को मुख्यअतिथि प्रथम पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री अमितेश शुक्ल ने कहा कि कोसरिया यादव समाज के कार्यक्रम मे आप लोगो ने जो सम्मान दिया स्वागत किया इसके लिए मै आप सभी का ह्रदय से आभारी हूं। यादव समाज बड़ा ही खुशनसीब समाज है जो भगवान कृष्ण की देन है। भगवान कृष्ण से जुडा यह समाज सदैव सम्मानीय रहा है।यादव समाज मेहनतकश सेवाभावी समाज है।इनका सामाजिक संगठन एवं



सहयोग सभी समाज के लिए परस्पर अतुलनीय रहता है। मैं चाहता हूं समाज मे फैली बुराईयो का त्याग करे एवं सामाजिक संगठन को मजबूत करते हुए सामाजिक सेवा मे आगे रहे। फिंगेश्वर कोसरिया समाज के परिक्षेत्र अध्यक्ष मनीराम यादव,नगर पंचायत अध्यक्ष राजेन्द्र सूर्यवंशी,कांग्रेस के जिलाध्यक्ष सुखचंद बेहरा ने अपने भाशण मे समाज की एकजुटता पर बल देते हुए सामाजिक बुराईयों का त्याग करने अपील की। कार्यक्रम का आभार मनीराम यादव ने किया।कार्यक्रम के प्रारंभ मे समाज प्रमुखो के द्वारा रावत नाचा के साथ बाजे गाजे एवं फटाको से स्वागत करते हुए दोहा पढ़ते सभी अतिथियों को मंच तक ले जाया गया जहां पर पुष्पहार से सभी का स्वागत किया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि पार्षद कुसुम डोमार ध्रुव, पार्षद चंचल कमलेश यदु, पार्षद पदमा यदु, पार्षद अनिल चंद्राकर,पार्षद जगदीश यादव, पूर्व पार्षद कमलेश यदु, ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष रूपेश साहू, मंडल अध्यक्ष तेजेश यदु, निषाद समाज के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष दानसिंग निषाद, समाज के अध्यक्ष पूरनलाल यादव राजिम, सीताराम यादव छुरा, फग्गूराम यादव मधुबन, केशवराम यादव कछारपट्टी, प्रदेश उपाध्यक्ष माधवसिंग यादव एवं जिला उपाध्यक्ष युवराज सिन्हा सहित बड़ी संख्या मे समाज के लोग शामिल हुए।


online Booking:-www.tripuryatra.com




07 मई, 21 मई, 04 जून, 30 जुलाई, 13 अगस्त, 03 सितम्बर, 01 अक्टूबर, 19 नवंबर, 17 दिसंबर 2026 (12 दिन)

सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर

नेपाल विदेश यात्रा

पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू ( बुद्ध नीलकंठ, बुद्ध स्तूप) गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल)

नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।

राशि:-स्लीपर 18,500/-, 3 एसी 28,500/-, 2 एसी 31,500/-(+ 5% GST)

Since-2007

श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति

संपर्क करें:-7354-411411